>

Title: Request the government to bring back Indian students who are stuck on the singapore airport due to the ban on flight becuase of spread of corona virus.

श्री राजन बाबूराव विचारे (ठाणे): अध्यक्ष महोदय, मेरा भी वही सब्जेक्ट है, मुझे बोलने की अनुमति दी जाए।

आदरणीय अध्यक्ष जी, सिंगापुर में फंसे हुए भारत के 58 बच्चे, जो फिलीपाइन्स लास पिनास शहर के जोनाल्टा फाउण्डेशन स्कूल ऑफ मेडिसिन में मेडिकल की शिक्षा ले रहे विद्यार्थी हैं। भारत आने के लिए, वे 17 मार्च, 2020 की दोपहर में एक विमान से फिलीपाइन्स से मलेशिया आने के लिए निकले थे, लेकिन वहां एयरपोर्ट पर आने के बाद उनको पता चला कि वहां से मुंबई जाने के लिए उनको बैन किया गया है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि ये बच्चे तीन दिनों से सिंगापुर एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं। मैंने आदरणीय मंत्री महोदय से विनती की थी कि उनकी ओर ध्यान दिया जाए।

मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि इस विषय का तुरंत संज्ञान लेकर, इन बच्चों को सिंगापुर से मुंबई लाने की कृपा करें। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले, श्रीमती करुणानिधि कनिमोझी, श्री राहुल रमेश शेवले, श्री गोपाल शेट्टी, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे और डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे को श्री राजन बाबूराव विचारे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।